प्रेस विज्ञप्ति

बिजली दर बढ़ोत्तरी का जनविरोधी फैसला है, 'जजिया कर' – सुरजेवाला

भाजपा सरकार ने की 3 महीने में दूसरी बार बढ़ोत्तरी, जनता से विश्वासघात

मुख्यमंत्री श्री खट्टर ने किया था 3 साल तक बिजली दर न बढ़ाने का वायदा – जनता महसूस कर रही है खुद को ठगा हुआ।

चंडीगढ़, 19 जुलाई, 2017:

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता, श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बिजली दर बढ़ोत्तरी को 'जनविरोधी जजिया कर' बताते हुए इसे तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है।

आज यहां जारी एक प्रेस बयान में पूर्व बिजली मंत्री, श्री सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की गई बढ़ोत्तरी ने आम हरियाणवी की कमर तोड़ डाली है और पहले से ही महंगाई की मार झेल रही प्रदेश की जनता के लिए बिजली 50 पैसे प्रति यूनिट तक महंगी हो जाएगी।

श्री सुरजेवाला ने याद दिलाया कि 6 महीने पहले मुख्यमंत्री, श्री मनोहर लाल खट्टर ने अगले तीन साल तक बिजली दरों में कोई भी बढ़ोत्तरी न करने की घोषणा की थी। लेकिन 3 महीने पहले ही प्रदेश सरकार ने नए घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए चोर दरवाजे से सिक्योरिटी राशि, सर्विस कनेक्शन चार्जेस व एप्लीकेशन प्रोसेसिंग फीस सहित पांच मदों में भारी बढ़ोत्तरी करते हुए नया घरेलू बिजली कनेक्शन 725 रु. महंगा कर दिया था। इसके अलावा नया कनेक्शन लेते समय भरी जाने वाली सिक्योरिटी राशि में 50% तक की वृद्धि की गई थी और अब तीन महीने में दूसरी बार वायदा खिलाफी करते हुए सभी उपभोक्ताओं पर 50 पैसे प्रति यूनिट तक का नया बोझ लाद दिया गया है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि जब मुख्यमंत्री खट्टर के वचन में वजन नहीं, तो जनता सही मायनों में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

एक तरफ बिजली के अनाप शनाप दाम और दूसरी तरफ बिजली के भारी संकट से जनता त्राहि त्राहि कर रही है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि बिजली चोरी के नाम पर छापेमारी दस्ते साधारण जनमानस को अपराधी बना अपमानित कर रहे हैं व लाखों का जुर्माना जबरन लगा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश में अघोषित बिजली कट हैं तथा बिजली का भारी संकट है। कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए बिजली कारखाने बंद कर दिए गए हैं तथा सरकार बाहर से बिजली खरीद रही है। जनता को हर तरह से चक्की के पाटों में पीसा जा रहा है।

प्रदेश की खट्टर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए श्री सुरजेवाला ने कहा कि सरकार जनता को राहत देने की बजाए आए दिन टैक्स के बोझ तले लादती जा रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद पेट्रोल व डीज़ल पर वैट में भारी वृद्धि की गई है। खट्टर

सरकार द्वारा पेट्रोल पर वैट 21% से बढ़ाकर 26.25% तथा डीज़ल पर वैट 9.24% से बढ़ाकर 17.22% कर दिया गया है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि सरकार का जनविरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है व जनता खट्टर सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर है।